तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
रोजगार की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर जड़ा ताला, किया धरना-प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंटक की बैठक

**कोरबा।** विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन इंटक कार्यकारिणी की बैठक राजधानी में आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंध विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 17 दिसंबर को गुढ़ियारी में आहूत की गई है। जिस पर विद्युत के क्षेत्र में मान्यता प्राप्त फेडरेशन के कार्यक्रम की आगामी रुपरेखा के बारे में मैप तैयार की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन विद्युत बिजली उद्योग में एक मात्र मान्यता प्राप्त संगठन है और इस संगठन में कतिपय कारणों के चलते कुछ मामलों को लेकर पंजीयक व्यवसायिक संघ रायपुर की न्यायालय में विवाद लंबित था। इस दौरान 5 वर्षों तक फेडरेशन विद्युत उद्योग में काम नहीं कर सकी। फलस्वरुप विद्युत प्रबंधन द्वारा फेडरेशन को न्यायालयीन विवाद के कारण किसी भी बैठक से अलग रखा। 5 वर्षों के अंतराल के पश्चात न्यायालय का फैसला संघ के महामंत्री एमपी मिश्रा एवं प्रांतीय अध्यक्ष राम इकबाल सिंह के पक्ष में निर्णय हुआ। जिसकी प्रति 6 दिसंबर को संघ को प्राप्त हुआ। बैठक में उत्पादन विंग से प्रदेश अध्यक्ष राम इकबाल सिंह, महामंत्री एनपी मिश्रा, डोरीलाल चंद्रा, सनत पैकरा, कमलेश कुमार यादव, शंकर लाल कंवर, मनहरण राठौर, मनीष राठौर, मुकेश वर्मा, टीपी राठौर, युगेश्वरी खूंटे सहित अन्य पदाधिकारी आगामी बैठक में शामिल होंगे।

### निःशुल्क अस्थि जांच शिविर का आयोजन

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के करतला ग्राम में निःशुल्क अस्थि जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करतला व आसपास के गांव से लगभग 2 सौ मरीज ने अपना इलाज करवाया। डॉ. शतदल नाथ ने बताया कि सिद्धिविनायक अस्पताल समय-समय पर इस प्रकार के निःशुल्क अस्थि जांच शिविरों का आयोजन करता है। ग्रामीण इलाकों में जहां अस्थि रोग विशेषज्ञ की कमी है, उन जगहों पर अस्थि रोग के संबंधित लोगों को जागरूक कर विभिन्न अस्थि रोगों का इलाज करना है। विशेष कर करतला कैंप में लोगों को कमर, घुटने, गर्दन एवं कंधा दर्द जो कि बहुत आम बीमारी है इनके इलाज व रोकथाम हेतु जीवन शैली में बदलाव एवं फिजियोथेरेपी के द्वारा विभिन्न व्यायाम के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में अस्थि जांच के साथ-साथ ब्लड शुगर जांच व हीमोग्लोबिन जांच की भी सुविधा प्रदान की गई। जांच उपरांत मरीज को निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया। शिविर में डॉ. नाथ के साथ-साथ विभिन्न विशेषज्ञ एवं सिद्धिविनायक अस्पताल के कर्मचारियों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे कि यह शिविर इतना सफल हो पाया।

### एड्स जागरूकता पखवाड़ा पर व्याख्यान

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता पखवाड़ा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. नागज्योति मेडिकल ऑफिसर, श्रीमती ज्योत्सना पैकरा, जिला प्रबंधक (शहरी) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय, श्रीमती हर्षा ताम्रकार जिला सलाहकार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय एवं प्रकाश दास सलाहकार, एआरटी मेडिकल कॉलेज ने एड्स एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर कु. प्रिया राजपूत ने भी अपनी बात रखी। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने कहा कि इस जागरूकता पखवाड़े के माध्यम से हम एड्स बीमारी के बारे में जागरूक करना और एचआईवी एड्स से बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को शिक्षित करना आवश्यक है। यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी प्रकाश साहू ने बताया कि इस वर्ष लेट्स कम्युनिटी लीड्स थीम पर एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डॉ. नागज्योति ने कहा कि एड्स एक खतरनाक महामारी है जो एचआईवी के कारण होती है।

# ग्राम पंचायतों को मूलभूत राशि नहीं मिलने से स्थानीय विकास के काम ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की ओर से ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे आवश्यक विकास के कार्य कराए जाने के लिए छोटी राशि भी जारी की गई है, जिसे मूलभूत के नाम से जाना जाता है। उक्त राशि पंचायतों को नहीं मिलने से मूलभूत के विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। छोटे-छोटे विकास कार्यों का ग्राम पंचायतों में अंबार लगा हुआ है। यह मुद्दा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा जनपद एवं जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी उठाया गया है।

राज्य सरकार के द्वारा मूलभूत सुविधाओं के लिए मिलने वाली राशि महीनों बीतने के बाद भी जिला से ग्राम पंचायतों में नहीं पहुँची है जिससे ग्रामो में अनेक समस्याओं का अंबार लग गया है। जिन ग्रामों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई है वहां के सरपंच कर्ज से लद चुके हैं। जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के अनेक सरपंचों का कहना है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा मूलभूत की मिलने वाली राशि मे कटौती कर दी गई, वहीं जो अल्प राशि दी जाती है वह भी महीनों पहले जिला पंचायत को प्राप्त हो चुकी है। राशि के मिलने की आस लगाए हुए है किंतु अभी तक पंचायतों को राशि नहीं मिली है। जिससे पंचायतों के संचालन में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत अधिनियम के तहत जनसंख्या के हिसाब से प्रत्येक ग्राम पंचायत को मूलभूत की राशि दी जाती है ताकि इस राशि से पंचायत द्वारा मूलभूत सेवाओं का ग्रामवासियों को लाभ पहुँचाया जा सके लेकिन वही राशि पंचायतों को नही मिल पाने से गांवों में पेयजल, साफ- सफाई सहित अनेक समस्याएं देखने को मिल रही है। शासन- प्रशासन द्वारा पंचायतों को विकसित करने के लिए समय- समय पर अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जाता है परंतु ग्राम पंचायतों के संचालन हेतु मूलभूत राशि की कोई निश्चित अवधि तय नहीं होना ग्रामीण विकास कार्य को बाधित करता है और गांव की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझते रहती है। ग्रामीण जनता को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में मूलभूत राशि की अहम भूमिका होती है लेकिन महीनों बीतने पश्चात भी पंचायतों को उक्त राशि से वंचित रखा जाना समझ से परे है। सरपंचों ने जिला प्रशासन से मूलभूत राशि की अपेक्षित मांग की है ताकि गांव के लोगों को आवश्यकतानुसार बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके।

### जप व जिपं की बैठकों में भी जनप्रतिनिधियों ने उठाया मुद्दा

**खास बात**

- गांवों में मूलभूत समस्याओं का अंबार जहां कार्य हुआ वहां के सरपंच कर्ज में लदे




## मामला स्कूलों में लाइब्रेरियन के रिक्त पद का

# 15 साल पहले आया था सेटअप, अब मांगी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हायर सेकेंडरी और हाईस्कूलों में लाइब्रेरियन के पद के लिए 15 वर्ष पूर्व राज्य शासन से सेटअप आया था, लेकिन भर्ती के संबंध में कोई पहल नहीं की थी। अब जाकर स्कूलों में रिक्त पदों के संबंध में जानकारी शासन स्तर से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मांगी गई है। इससे स्कूलों में लंबे समय से ठप पड़ी लाइब्रेरी की व्यवस्था के शुरू होने की संभावना जतायी जा रही है। जिले में हायर सेकेंडरी हाईस्कूलों की संख्या 180 के लगभग है, किंतु स्कूलों में लाइब्रेरी के नाम पर किताबे हैं लेकिन लाइब्रेरियन नहीं।

**खास बात**

- हायर सेकेण्डरी में रिक्त है पद, शासन ने मांगी जानकारी



फाइल फोटो

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा लंबे समय बाद हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्रों के लिए लाइब्रेरी संचालन हेतु प्रावधान दिए गए हैं, किंतु उनके इस प्रावधान पर कड़ाई से अमल होता नहीं दिखा है। यही कारण है कि लाइब्रेरी के नाम पर किताबों की आपूर्ति तो हो जाती है और उसके संचालन के लिए किसी एक शिक्षक को जिम्मेदारी भी दी जाती है, किंतु लाइब्रेरी के लिए स्कूल परिसर में जिस तरह की अलग व्यवस्था होनी चाहिए वैसी व्यवस्था नहीं रहती और न ही स्कूलों में वैसा माहौल रहता है। वर्ष 2008-09 में राज्य शासन से एक सेटअप जिले को जारी किया गया था। जिसमें हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल में लाइब्रेरी के संचालन से लेकर वहां रिक्त पदों के संबंध में पूरी जानकारी थी। सेटअप आने के बाद शिक्षा विभाग के साथ शिक्षकों को यह उम्मीद जगी कि अब स्कूलों में लाइब्रेरी का संचालन हो सकेगा और लाइब्रेरियर के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लाइब्रेरी की डिग्रीधारी शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी की आस पूरी हो सकेगी, किंतु यह शिक्षित बेरोजगारों की आस और शिक्षकों की उम्मीद धरी की धरी रह गई न तो रिक्त पदों में भर्ती हुई और न ही व्यवस्थित ढंग से लाइब्रेरी का संचालन हुआ। अब जाकर नई सरकार आने के साथ ही एक बार फिर से जानकारी मांगी गई है।

### आत्मानंद स्कूल में भी नहीं है लाब्रेरी

जिले में खोले गए स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी लाइब्रेरी की व्यवस्था सभी स्कूलों में रही है और लाइब्रेरियन के पद भी स्वीकृत नहीं किए गए हैं। अब जाकर स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी लाइब्रेरियन के पद स्वीकृत हुए हैं और सेटअप के तहत उनकी भी जानकारी मांगी गई है। जिले में इस समय हिंदी और इंग्लिश मीडियम को मिलाकर 43 आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। जहां शिक्षकों और व्याख्याताओं के साथ लाइब्रेरियन के पद भी रिक्त पड़े हैं। अब जाकर भर्ती के दरवाजे खुलने की संभावना जताई जा रही है।

# बालको व बांकीमोंगरा में नहीं बना जोन कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बांकीमोगरा व बालको क्षेत्र में बसने वाले लोगों को आज भी बिजली से जुड़ी समस्या या फिर आवेदन की प्रक्रिया के लिए कई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। हालांकि इसके लिए पूर्व में विद्युत वितरण विभाग ने बालको और बांकीमोगरा में जोन कार्यालय बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेजा था लेकिन अब तक मुख्यालय द्वारा जोन कार्यालय बनाने की दिशा पर कोई पहल नहीं की गई है और फाइल मुख्यालय में धूल खा रही है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- विद्युत वितरण विभाग द्वारा जोन कार्यालय बनाने भेजा गया प्रस्ताव

उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र के विद्युत वितरण व्यवस्था को 3 जोन में विभक्त किया गया है। जिसमें पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन व दर्री जोन शामिल हैं। इसी जोन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के सारे इलाकों की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। पूर्व में विद्युत वितरण विभाग के अफसरों ने बालको व बांकीमोगरा को अलग से जोन कार्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव बनाकर विद्युत वितरण विभाग के मुख्यालय भेजा था क्योंकि जिन मापदंडों की आवश्यकता है उन मापदंडों पर बालको व बांकीमोंगरा क्षेत्र में पर्याप्त विद्युत वितरण विभाग के उपभोक्ताओं की संख्या हो चुकी है। ऐसे में इन दोनों क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके इस मंशा से बालको और बांकीमोंगरा को अतिरिक्त जोन बनाए जाने की दिशा पर विभाग के अफसर ने पहल की थी और प्रस्ताव भेजा था लेकिन पिछले लंबे समय से यह प्रस्ताव विद्युत वितरण विभाग के मुख्यालय में ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। जिसके चलते इस क्षेत्र के लोगों को लगातार बिजली बिल जमा करना हो या फिर नया कनेक्शन लेना हो या फिर बिजली से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या हो तो बांकीमोगरा क्षेत्र के लोगों को आज भी दर्री जोन कार्यालय आकर उन्हें अपनी समस्या का निदान करना पड़ रहा है और इसी तरह बालको क्षेत्र में रहने वाले विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को पाड़ीमार जोन में आकर अपनी समस्या का समाधान कर रहे हैं। लगातार उन्हें इसके लिए लंबी दूरी भी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों की पिछले लंबे समय से मांग है कि बांकीमोगरा व बालको में विद्युत वितरण विभाग द्वारा जोन कार्यालय खोला जाए ताकि उनकी समस्याओं व उनके हर तरह की परेशानियों का सामना स्थानीय स्तर पर हो सके लेकिन मामला अब तक मुख्यालय में पेंडिंग पड़ा हुआ है जिससे स्थानीय लोगों को निराशा हाथ लग रही है।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र के ग्राम मादन के वार्ड क्रमांक 7 निवासी किताब सिंह 65 वर्ष अपने परिवार के साथ निवास करता था। कुछ समय से स्वास्थ्य को लेकर किताब सिंह काफी परेशान था। ठंडी में रोज की तरह गुरुवार को भी परिजन जल्दी सो गए सूनेपन पाकर बाड़ी के अमरूद पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# जयंती पर याद किए गए चौधरी मित्रसेन आर्य, समूह के संस्थानों में पौधरोपण





स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते अधिकारी, कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परम पित्र मानव निर्माण संस्थान व सिंधू समूह के संस्थापक, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दूरदृष्टा स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जन्मदिवस के अवसर पर 15 दिसंबर को समूह के समस्त उपक्रमों व संस्थानों में खासा उत्साह रहा। इस अवसर पर स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर जगह-जगह पौधरोपण किया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान आमजनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी समूह के संस्थापक स्व. चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जन्मदिवस हर्षोउल्लास व सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूह के सभी संस्थानों में छायादार व फलदार पौधों का वृहद पैमाने पर रोपण कर स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी को नमन किया गया, साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। गौरतलब है कि परममित्र मानव निर्माण संस्थान के संस्थापक स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा को समर्पित करते हुए तपस्वी भाव से मनसा वाचा और कर्मणा की युक्ति को अपने व्यक्तित्व का प्रतीक बनाया। उनका व्यक्तित्व, कृतित्व, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, जनसेवा और आर्य समाज के प्रति समर्पण सदैव याद रखा जाएगा। शुक्रवार को समूह के सभी संयंत्रों व वाशरी में मनाये गये स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान समूह के अधिकारियों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य जी की जीवन यात्रा इस बात का सूचक है कि पुरूषार्थ, सद्भावना और सद्बुद्धि के सहारे व्यक्ति किस प्रकार शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है। उद्योगपति और वैभव संपन्न होने के बावजूद स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी का वैदिक समाजवाद में पूर्ण विश्वास था। उन्होंने जीवन में सफलता के नये आयाम गढ़े और आगामी पीढ़ी को जीवन में सफलता का मूलमंत्र भी दिया। सन 1962 में स्वामी धर्मानंद के संपर्क में आने के बाद चौधरी मित्रसेन आर्य ने अनेक गुरूकुल और विद्यालयों की स्थापना की जो आज भी सतत ज्ञान के परिचायक बने हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि स्व.चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने हमेशा कमजोरों के हित में सोचा और उनका जीवन बदलने में अहम योगदान निभाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गनेशन कुमार प्लांट हेड 30 मेगावाट, बिपिन मलिक डायरेक्टर एसटीएलएल, देवरकोंडा संजय जीएम एडमिन, आरपी विश्वकर्मा प्लांट हेड 300 मेगावाट, सम्बाशिवा राव वाइस प्रेसिडेंट पॉवर, पंकज ग्वाली प्लांट हेड चाकाबुड़ा वाशरी सहित सभी उपक्रमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।





संयंत्र परिसर में पौधरोपण करते हुए अधिकारी, कर्मचारी।

### इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में हवन-पूजन

चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जन्मदिन के अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का विशेष आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता एवं शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार एवं शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार की उपस्थिति में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों तथा कर्मचारियों ने हवन में आहुति देकर चौधरी मित्रसेन आर्य जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका एवं प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी की शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार ने कहा कि जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन आर्य जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु एक प्रेरणास्रोत रहेगी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सतकर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं।चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।




## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक |**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक |**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923

## खबर संक्षेप

### पुलिस को चकमा देने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार, पत्रकार से की थी लूटपाट



**कोरबा।** लूटपाट व मारपीट का मुख्य आरोपी पिछले दिनों पुलिस कर्मियों को चकमा देकर रफुचक्कर हो गया था आखिरकार पुलिस ने उसे भिलाई से गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात रहे कि तुलसीनगर निवासी पत्रकार उमेश यादव के साथ माह अगस्त में मारपीट व लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में 3 दिनों पूर्व पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसमें मुख्य आरोपी पोडीबहार निवासी राहुल चौहान के अलावा दर्री निवासी विजय कंवर व पंप हाउस में रहने वाले अर्जुन यादव शामिल थे। सभी आरोपियों को जेल दाखिल किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों को चकमा देकर मुख्य आरोपी राहुल चौहान फरार हो गया था । जिसके बाद पुलिस की टीम फरार आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई थी। शुक्रवार को पुलिस की टीम ने भिलाई में दबिश देकर फरार आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है।

### दीपका क्षेत्र पहुंचा अक्षत कलश



**कोरबा।** राम मंदिर अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण हेतु अक्षत कलश यात्रा देशभर में जारी है। इसी कड़ी में यह यात्रा 14 दिसंबर को दीपका नगर पहुंचा इसके उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा विशाल मोटरसाइल रैली का आयोजन किया गया। उर्जा नगर बड़ा शिव मंदिर गेवरा से यात्रा प्रारंभ होते हुए दीपेश्वरी मंदिर, बजरंग चौक होते हुए मां समलाई मंदिर दीपका बस्ती से निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुए प्रगति नगर शिव मंदिर में कलश को स्थापित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की मूर्ति को प्राण प्रतिष्ठा में सभी जनमानस को आमंत्रित करना है। दीपका नगर के श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अयोध्या के राम लला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के आमंत्रण को स्वीकार किए।

### एक ओंजरा अन्न दान, जरुरतमंदों के नाम से की जाएगी जरूरतमंदों की मदद

**कोरबा।** सर्वमंगला नगर में काम कर रही सर्वमंगला ग्राम समिति के साथ भी हुआ है दरअसल समिति ने यहां एक ओंजरा अन्न दान, जरूरतमंदों के नाम से एक नई पहल शुरू की है। इस पहल से जरूरतमंदों की मदद की जाएगी, उक्त पहल के बारे में बताते हुए ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया कि एक अच्छे सोच के साथ समिति ने यह काम प्रारंभ किया है जिसमें एक ओंजरा अन्न दान, जरूरतमंदों के नाम अंतर्गत समिति ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान में एक पात्र रखा है, इसमें एक मुट्ठी अन्न दान करना है जो भी हितग्राही राशन लेने दुकान आएंगे वह अपनी इच्छा अनुसार अपने हिस्से की कम से कम एक मुट्ठी अन्न उस पात्र में डालेंगे और जब वह पात्र भर जाएगा तो उस अन्न से जरूरतमंद परिवार की मदद की जाएगी।

### अथर्व व आशिता का राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में हुआ चयन





**कोरबा।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में होने वाली 67वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता अंडर 14 वर्ग के लिए कोरबा के बालको डीपीएस से 2 छात्रा-छात्राओं का चयन हुआ है। प्रतियोगिता 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित होगा। अंडर 14 वर्ग के छात्रा-छात्राओं का चयन एथलेटिक्स के लिए हुआ है। कक्षा 8वीं के छात्र अथर्व अग्रवाल पिता शंकर अग्रवाल का चयन 200, 400 मीटर एवं बाधा दौड़, वहीं कक्षा 7वीं की छात्रा आशिता यादव पिता कैलाश यादव का चयन 100 व 200 मीटर के लिए हुआ है। बता दें कि ये इनका चयन 23वीं राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता जगदलपुर में 5 से 8 अक्टूबर को आयोजित हुई थी में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। ये दोनों छात्र-छात्रा 16 से 20 दिसंबर तक लखनऊ में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शाला कीड़ा प्रतियोगिता अंडर 14 में शामिल होंगे। डीपीएस बालको के प्राचार्य कैलाश पवार, खेल शिक्षक संजय बरेट व शिक्षक शुक्ला ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

### मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी के मार्गदर्शन में सेंटर फार कैटेलाइजिंग चेंज (सी-3) के द्वारा सुमन कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ब्लू डायमंड होटल कोरबा में किया गया। इस अवसर पर डीएचओ डॉ.सी.के सिंह, स्टेट हेड सी-3 इंडिया श्री दिलीप सरवटे, डॉ. नोमिता चॉन्डियोक, डॉ. रश्मि आसिफ, ट्रेनर तथा सी इंडिया के जिला व ब्लाक को-ऑर्डिनेटर, प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। सुमन कार्यक्रम का उद्देश्य रोकी जा सकने वाली सभी मातृ एवं शिशु मृत्यु की घटनाओं और बीमारी को समाप्त करते हुए सकारात्मक प्रसव अनुभव प्रदान करने के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले प्रत्येक महिला और शिशु के लिए आश्वस्त सेवाएं, इनकार के लिए शून्य, सहनशीलता और गरिमामय, सम्मानपूर्ण व निःशुल्क उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है।

## घंटाघर में एक सप्ताह से चली रही संगीतमय भागवतकथा का हुआ समापन

# प्रभु को निःस्वार्थ भाव से याद करना चाहिए : गौरव कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वासन परिवार द्वारा ओपन थियेटर घंटाघर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने कृष्ण उद्धव संवाद, दत्तात्रेय के 24 गुरू की कथा, परिक्षित मोक्ष के प्रसंग को लेकर संगीतमय वातावरण में कथा के प्रसंगों को विस्तार पूर्वक बताया।आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति, साधना व ध्यान लगाने से आनंद व आत्म संतोष की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि प्रभु को निःस्वार्थ भाव से याद करना चाहिए। प्रभु को याद करते हुए फल प्राप्ति की लालसा नही रखना चाहिए।

प्रभु को जब भी याद करो तो यही कहो हे प्रभु आप आनंद पूर्वक हमारे निवास पर पधारों और विराजमान रहें और जब प्रभु आपके घर पर रहने लगेंगे तो वह सब कुछ स्वतः मिल जावेगा जो आप पाना चाहते थे या जिसकी आपको जरूरत है। जीवन में कितना भी धन ऐश्वर्य की सम्पन्नता हो लेकिन यदि मन में शांति नहीं है तो वह व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह सकता। वहीं जिसके पास धन की कमी भले ही हों सुख सुविधाओं की कमी हो परन्तु उसका मन यदि शान्त है तो वह व्यक्ति वास्तव में परम सुखी है। यह हमेशा मानसिक असंतुलन से दूर रहेगा। कथा प्रसंग में परम भक्त सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए महाराज ने कहा कि सुदामा के जीवन में धन की कमी थी, निर्धनता थी लेकिन वह स्वयं शान्त ही नहीं परमशान्त थे। इस लिये सुदामा हमेशा सुखी जीवन जी रहे थे। क्योंकि उनके पास ब्रह्म (प्रभुनाम) रूपी धन था। धन की तो उनके जीवन में न्यूनता थी परन्तु नाम धन की पूर्णता थी। हमेशा भाव से ओतप्रोत होकर प्रभु नाम में लीन रहते थे। उनके घर में वस्त्र आभूषण तो दूर अन्न का एक कण भी नहीं था। जिसे लेकर वो प्रभु द्वारिकाधीश के पास जा सकें। परन्तु सुदामा जी की धर्म पत्नी सुशीला के मन में इच्छा थी, मन में बहुत बड़ी भावना थी कि हमारे पति भगवान द्वारिकाधीश के पास खाली हाथ न जायं। सुशीला चार घर गई और चार मुट्ठी चावल मांगकर लायी और वही चार मुट्ठी चावल को लेकर सुदामा प्रभु द्वारिकाधीश जी के पास गये। और प्रभु ने उन चावलों का भोग बड़े ही भाव के साथ लगाया। उन भाव भक्ति चावलों का भोग लगाकर प्रभु ने यही कहा कि हमारा भक्त हमें भाव से पत्र पुष्प, फल अथवा जल ही अर्पण करता है, तो में उसे बड़े ही आदर के साथ स्वीकार करता हूँ। प्रभु ने चावल ग्रहण कर सुदामा को अपार सम्पत्ति प्रदान कर दी। आर्चाय श्री ने इस पावन सुदामा प्रसंग पर सार तत्व बताते हुए समझाया कि व्यक्ति अपना मूल्य समझे और विश्वास करे कि हम संसार के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। तो वह हमेशा कार्यशील बना रहेगा। क्योंकि समाज में सम्मान अमीरी से नहीं ईमानदारी और सज्जनता से प्राप्त होता है। आचार्य श्री ने कथा के अंतिम दिन सूकदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई श्रीमद् भागवत कथा को पूर्णता प्रदान करते हुए कथा में विभिन्न प्रसंगो का वर्णन किया। कथा में मुख्य रूप से सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, यश वासन, सत्येन्द्र वासन, गुलसन वासन, ममता वासन, राहुल वासन शामिल हुए। विशेष महोत्सव के रूप में फूल होली महोत्सव विशेष धूम धाम से मनाया गया। जिसमें आचार्य श्री द्वारा होली खेल रहे बांके बिहारी को देख छटा, मेरे मन है गयो लटा-पटा आदि भजनों को बड़े ही भाव के साथ गुन-गुनाया गया।



कथा के दौरान आचार्य श्री गौरव कृष्ण एवं श्रद्धालु।

# डीडीएम स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस




प्रतिभागी छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेल जीवन की आधारभूत आवश्यकता है, खेल से टीम भावना एवं सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। छात्रों में स्वस्थ स्पर्धा की भावना उनके उज्जवल भविष्य की दिशा निर्धारित करती है।


उक्त बातें डीडीएम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेल स्पर्धा के समापन समारोह अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से विद्यालय के चेयरमेन केएन सिंह ने कही।

इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य ए.पी. सिंह ने कहा कि मस्तिष्क के विकास के साथ शारीरिक विकास का होना अति आवश्यक है। छात्रों का चहुमुखी विकास के साथ-साथ बौधिक विकास ही हमारा मुख्य ध्येय है। छात्रों को अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक विकास की प्राथमिकता होनी चाहिए। छात्रों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब अपने अभिभावकों को पर्याप्त सम्मान देकर एवं उनकी आज्ञा का पालन कर उनके अनुभव से लाभ प्राप्त कर जीवन की दिशा निर्धारित करें। तीन दिवसीय खेल समारोह में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्तर पर 50 मी., 100 मी., 200 मी., हडर्ल रेस, मैथ्स रेस में भाग लेकर प्रतियोगियों ने व्यक्तिगत रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया सामुहिक खेलों में कबड्डी, रिले रेस, टग ऑफ वार, वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा योगा, पी.टी., और जुम्बा डांस आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अंतिम में विद्यालय की उप-प्राचार्या श्रीमती तान्या बनर्जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस दौरान युवराज राठौर, डी.डी.एम. किड्जी कॉआर्डिनेटर सहाना कोलय समेत अभिभावक उपस्थित थे।

# बालको सतनाम भवन में आकार ले रहा भव्य सतनाम द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर के सतमान भवन में भव्य सतनाम द्वार का निर्माण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह राजस्थान के पिंक स्टोन से निर्मित प्रथम कालजयी सतनाम द्वार है, जिसे समाज ने दूरदृष्टि रखते हुए समाज के स्वाभिमान का निर्माण स्वयं समाज के सहयोग से समाज का विरासत खड़ा कर स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम दर्ज किए हैं। समाज की यह विरासत आगे चलकर समाज की संस्कृति का अमिट हिस्सा बनेगा। सतनाम द्वार का अनावरण सभी सहयोगकर्ताओं के कर कमलों से गुरू पर्व 18 दिसंबर के अवसर पर किया जाएगा। जिसकी तैयारियां समाज के द्वारा जोर शोर से की जा रही रही है। भव्य सतनाम द्वार बनाने के लिए कारीगर बुलाए गए हैं। निर्माण पूर्णतः की ओर हैं। नगरवासी भी इस भव्य द्वार को देखने पहुंच रहे हैं। गुरुद्वारा रोड समीप स्थित विशाल प्रांगण में सतनाम भवन सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा उपयोग किया जाता रहा है। भव्य सतनाम द्वारा नगर का पहला और ऐतिहासिक द्वार के रुप में पहचाना जा रहा है।



निर्माणाधीन सतनाम भवन का मुख्य द्वार।

### सतनामी कल्याण समिति ने सीएम की मुलाकात



जिला सतनामी कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से पहुना राज्य अतिथि गृह में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने बाबा गुरु घासीदास के जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए सीएम को बधाई और निमंत्रण दिया। जिसपर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दो स्थान पर कार्यक्रम तय हो चुका है। इसके बाद भी समय निकाल कर समारोह में शामिल होने आश्वस्त किया। साथ ही गुरु खुशवंत ने कहा है कि वे बात करेंगे और सीएम साय कोरबा लाने की कोशिश करेंगे। प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और बृजमोहन अग्रवाल भी मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष यू आर महिलांगे, उपाध्यक्ष विजय दिवाकर, सचिव जीएल बंजारे, पूर्व उपाध्यक्ष नारायणलाल कुर्रे, पूर्व सचिव आरडी भारद्वाज शामिल थे।

# अतिरिक्त सचिव ने व्हीसी के जरिए ली विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी सीएस कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये भारत सरकार के प्रमुख योजनाओं के लिए आउटसोर्सिंग गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के सम्बन्ध में सभी जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। अतिरिक्त सचिव व विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी सीएस कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों से जनहित के अनेक कार्य हुए हैं। इसी कड़ी में विगत माह से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है ताकि आमजन को हुए लाभ और जनहितकारी योजनाओं से तत्काल मौके पर निराकरण किए जायेंगे।

**खास बात**

- शहर से लेकर गांव तक लगेंगे शिविर, एक जगह मिलेगी योजनाओं की जानकारी



वीसी के दौरान कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

### अधिकतम पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की पूर्ति हेतु शेष सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही संकल्प यात्रा के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारी एवं मैदानी अमला सजग रहने एवं अपने जिम्मेदारी एवं दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीईओ-डे नोडल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्व जनपद पंचायत, ग्राम सचिव आदि को विशेष भूमिका निभाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ग्राम पंचायतों में अपनी तैयारियां पूर्ण कर लेवें। इसके तहत हितग्राहियों के चयन, उनकी आवश्यक जानकारी पहले से संग्रहित कर लेवें ताकि मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत उनके अच्छे वीडियो एवं फोटोग्राफ्स पोर्टल में अपलोड किए जा सकें।

उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 दिसंबर को आईईसी वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे जिसमे छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी जुड़ेंगे। उन्होंने सभी कलेक्टरो से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित लोगों मे समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके।

### आज से 24 तक लगेंगे शिविर

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि निगम क्षेत्रांतर्गत 16 से 23 दिसम्बर तक निर्धारित स्थलों पर शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 22 दिसम्बर को ही नगर पंचायत छुरी में, 23 दिसम्बर को दीपका तथा पाली में एवं 24 दिसम्बर को कटघोरा में शिविर लगाए जाएंगे। उन्होने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान 30 हजार आयुष्मान कार्डो का वितरण किया जाएगा, इसके साथ ही ऐसे आधार कार्डधारियों के जिनके आधार कार्ड बने, 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उनके कार्डो का अपडेशन का कार्य भी किया जाएगा।

# सजा बाजार, सांता क्लाज, टोपियां क्रिसमस ट्री की हो रही शापिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईसाई समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व को लेकर शहर में अभी से काफी उत्साह दिखई देने लगा है। इस त्योहार को लेकर बाजार भी सज चुका है। जहां एक से बढक़र एक क्रिसमस आइटम बिक्री के लिए आ चुके हैं। इसी वजह से अभी से क्रिसमस बाजार में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

शहर के कोसाबाड़ी, निहारिका, बुधवारी, पावर हाउस, टीपी नगर के साथ ही माल में क्रिसमस के लिए बाजार सज चुके हैं। जबकि पर्व को लेकर अभी में लगभग दस दिन से ज्यादा का समय शेष है। बाजार में विभिन्न डिजाइन के सांता क्लाज, चरनी सेट, स्टार, सांता क्लाज ड्रेस, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन आइटम, क्रिसमस ट्री की बड़ी रेंज उपलब्ध है। थोक दुकानदारों का कहना है कि इस बार क्रिसमस बाजार में पहले से ही रौनक आ गया है। जिसे देखते हुए बाजार में अधिक से अधिक क्रिसमस सामान उतारा गया है। ऐसे में मसीही समाज के लोग अभी से सजावटी सामान में स्टार, ट्री, रंग-बिरंगे लाइट की खरीदी करने लगे हैं। वही इन सब में सबसे ज्यादा डिमांड स्टार की बनी हुई है। इस बार नए और साइज में कुछ बड़े स्टार भी बाजार में लाया गया है। इसी तरह जिंगल बेल की भी काफी डिमांड है, तरह-तरह के चमकदार रंगों के साथ और लाइट लगाकर इन बेल को बनाया गया है। जो प्रति नग के हिसाब से बेचे जा रहे हैं। इसी तरह अन्य क्रिसमस आइटम भी खूब बिक रहे हैं, ऐसे में क्रिसमस बाजार में अभी से रौनक दिखाई देने लगी है।



क्रिसमस के लिए सजा बाजार।

# बालको अंतर्गत मार्गों की मरम्मत हेतु एक-एक दिन सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में बालको अंतर्गत आने वाली सड़कों का मरम्मत कार्य किया जाना है।

ध्यानचंद चौक से रिस्दा चौक के बीच पड़ने वाले तीनों पुल (मेजर ध्यानचंद चौक के समीप नहर पर स्थित पुल, बेलगिरी नाला और डेंगुर नाला पर स्थित पुल पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। अतः उक्त मार्ग पर समस्त प्रकार के वाहनों की आवाजाही को 18 दिसंबर को प्रतिबंधित किया है। इसी प्रकार रिस्दी से रिस्दा चौक के बीच मरम्मत कार्य के लिए 19 दिसंबर को एक दिवस के लिए प्रतिबंधित किया।

उक्त तिथि को प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले वाहन एवं भारी वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से लोड़ लेकर प्रस्तावित मरम्मत होने वाली मार्ग से होकर गुजरने वाले भारी मालवाहनों को गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से सर्वमंगला चौक होकर, सर्वमंगला नहर मार्ग से तरदा, कुदुरमाल, उरगा, बरबसपुर रिस्दी चौक से गुजरते हुए बालको की ओर परिवहन की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार रिस्दी से रिस्दा चौक के मध्य मरम्मत कार्य के लिए गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा, से कोयला लोड लेकर चलने वाली भारी मालवाहनों को गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से होते हुए सर्वमंगला चौक, राताखार, बाईपास से गेरवाघाट होते हुए ध्यानचंद चौक, रूमगरा, बालको की ओर परिवहन की अनुमति रहेगी।

**खास बात**

- 18 दिसंबर को ध्यानचंद चौक से रिस्दा चौक व 19 दिसंबर को रिस्दी से रिस्दा चौक के बीच किया जाएगा मरम्मत कार्य

### सिंचाई कॉलोनी दर्री में नवधा रामायण में उमड़ रहे श्रोता

**कोरबा।** दर्री अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी में महिला समिति के द्वारा नवधा रामायण का शानदार आयोजन किया जा रहा है। भक्तिमय नवधा रामायण का शुभारंभ 13 दिसंबर से शुभारंभ किया गया है। जिसका समापन 23 दिसंबर को किया जाएगा। नवधा रामायण में कथा वाचक आचार्य पंडित चंद्र कुमार पांडेय ने कथा वाचन किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

# सेजस मदनपुर की छात्राओं ने लोकनृत्य का किया पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओ को जन-जन तक पहुँचाने के लिए देश भर में चल रही विकसित संकल्प यात्रा कल मदनपुर पहुँचेगी।जिसकी स्वागत तैयारी के लिए सी ए सी जीवन सिंह मरकाम ने संकुल स्तरीय बैठक आहूत की।जिसमे शिक्षा विभाग के सभी स्टाफ को प्रातः 10 बजे रजकम्मा बस्ती चौक में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही संकुल के विद्यालयों से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की अपील की।कुमुदिनी राम ने अल्प अवधि में ही आत्मानंद हाई स्कूल की छात्राओं को कर्मा नृत्य हेतु प्रेरित कर जमकर अभ्यास कराया।बैठक में व्याख्याता विनोद जायसवाल, पुष्पक साहू,रवि चंद्रा, कमलेश्वरी साहू,अर्चना किंडो,कांति कुर्रे, अनिल कंवर,प्रफुल्ला भगत,कल्पना कुजुर, जैतराम ध्रुव,हिरमन दास महंत उपस्थित थे।



15 korba Bhoomi-pg 3_Layout 1 12/16/2023 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की मांग

**कोरबा।** विगत दिनों ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित किया गया था जिसमे यह बातें सामने आया जिसमे पता चला कि वर्ष 2004 के बाद रतीजा का राजस्व दस्तावेज गायब कर दिया गया है। मिसल और नक्शा नहीं होने के कारण किसानों का जमीन सबंधी काम लटक गया है नामान्तरण, बटांकन, खरीद बिक्री सहित जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहा है। श्री कुलदीप ने बताया कि उन्हें जानकारी दी गयी है कि दो वर्ष पूर्व एक किसान ने अपनी 4 एकड़ भूमि 14 लाख रुपये में बिक्री किया था किंतु उसका नामांतरण इसी कारण से नहीं हो पाया और मुआवजा राशि से खरीदी करने वाला भूविस्थापित ठगा महसूस कर रहा है। ग्रामीणों ने खुलासा करते हुए बताया है कि जब रतिजा में वाशरी का प्लांट लगाया गया था उसी समय यह खेल रचा गया और पूरी रिकार्ड गायब कर दी गयी है जिसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन सभी विभाग और जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के निराकरण के लिये मांग कर थक चुके है पर न्याय नहीं मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और राजस्व दस्तावेज दुरुस्त करने की मांग करते हुए ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति की ओर से अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पाली को ज्ञापन सौंपा गया है।

### अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की गई बस की व्यवस्था

**कोरबा।** भारतीय थलसेना (अग्निवीर) भर्ती रैली की सामान्य प्रवेश (सीईई) परीक्षा में उत्तीर्ण कोरबा जिले के युवाओं हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं का आयोजन 16 दिसंबर को जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस लाइन खोखराभांठा में आयोजित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा रैली में शामिल होने वाले युवाओं के आवागमन की सुविधा हेतु बस की व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार 15 दिसम्बर शाम 05 बजे जिला पंचायत परिसर से बस पात्र युवाओं को लेकर जांजगीर चाम्पा जिले के लिए रवाना होगी। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समय पर जिला पंचायत प्राँगढ़ में उपस्थित होकर परिवहन सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

### विज्ञान सहायक शिक्षक पद पर नहीं हो रही भर्ती

# प्रयोगशाला है और सामाग्री भी है लेकिन नियमित नहीं लगती कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्कूलों में प्रायोगिक कक्षाओं के लिए लैब की व्यवस्था है और सामाग्रियां भी डीएमएफ मद से लगातार दो वर्ष तक आपूर्ति की गई। संसाधन होने के बाद के अगर छात्रों के सामने दिक्कत आती है वह है प्रायोगिक कक्षाओं का नियमित रूप से

**खास बातें**

- नए साल के जनवरी माह में की जाएगी प्रायोगिक परीक्षाएं

नहीं लगना। शहरी क्षेत्र के स्कूलों में तो स्थितियां कुछ हद तक बेहतर ढंग से चल रही हैं, लेकिन ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में प्रायोगिक कक्षाओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

हायर सेकेंडरी और हाईस्कूलों में अध्यनरत विज्ञान विषय के छात्रों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्कूल परिसर में ही प्रयोगशाला कक्ष बनाए जाने के निर्देश के तहत सर्व शिक्षा अभियान के तहत बने स्कूलों में परिसर में ही प्रयोगशाला कक्ष बनाया गया है। जिसमें डीएमएफ मद से सभी तरह की प्रयोगशाला सामाग्रियों की आपूर्ति लगातार दो वर्ष तक की गई।




स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र के सभी बड़े स्कूलों में प्रयोगशाला के भरपूर सामान है, किंतु कक्षाओं को लेकर नियमित रूप से गंभीरता नहीं बरती जा रही है, जबकि स्कूल शिक्षा विभाग ने नए वर्ष के द्वितीय सप्ताह के 10 जनवरी से प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजित किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर स्कूल प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है, किंतु छात्रों के सामने दिक्कत यह है कि प्रायोगिक कक्षाएं नियमित रूप से नहीं लगाई गई।

शिक्षा विभाग की कैलेडर के अनुसार सितंबर माह के अंतिम सप्ताह से प्रायोगिक कक्षाएं लगाने के कार्यक्रम भी जारी किए गए हैं। छात्रों के अनुसार प्रायोगिक कक्षाएं सितंबर माह से लगी ही नहीं। पूरा ध्यान स्कूल प्रबंधन द्वारा थ्यौरी की कक्षाओं पर दिया गया। यही कारण है कि नियमित रूप से प्रायोगिक कक्षाएं लगाने के लिए गंभीरता नहीं दिखाई गई। जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है।

**ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति खराब**

प्रयोगशाला की व्यवस्था पर अगर गौर करें तो ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में प्रयोगशाला की स्थिति खराब है। डीएमएफ मद से अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाई गई प्रयोगशाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है जिसमें एक दिन भी कक्षाएं नहीं लगी और न प्रायोगिक सामाग्री पहुंची और पूरा का पूरा भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। शिक्षकों की मानें तो स्कूल से बहुत दूर प्रयोगशाला कक्ष बनाए जाने के कारण विद्यार्थी प्रयोगशाला में नहीं जाते और न ही वहां कक्षाएं लग रही है। मजबूरी में स्कूल परिसर में ही बने एक पुराने कमरे को प्रयोगशाला के रूप में उपयोग किया जा रहा है। अजगरबहार के अलावा सोनपुरी के साथ सतरेंगा में भी हाईस्कूल संचालित है। प्रयोगशाला की व्यवस्था यहां भी व्यवस्थित नहीं है, सामाग्री भी पूरी नहीं पहुंची है। पुराने सामारों के द्वारा ही प्रैक्टिकल कराया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में प्रयोगशाला को लेकर स्कूल प्रबंधन भी गंभीरता नहीं बरतता।

## गांव में रासेयो ने किया श्रमदान, जल संरक्षण के लिए बनाए पक्के सोख्ता



श्रमदान करते रासेयो के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा ग्राम फत्तेगंज में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए विभिन्न अधोसंरचना का निर्माण, जल संरक्षण पर सोख्ता गड्ढा का निर्माण, नाले पर अस्थायी डैम का निर्माण, स्कूल बाउंड्री का पुनर्निमाण, रखरखाव, साफसफाई का कार्य किया।

कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल और मधु कंवर के पथ प्रदर्शन एवं निर्देशन में शासकीय हाईस्कूल जूनापारा परिसर फत्तेगंज के बाउंड्री का पुनर्निमाण एवं पुनरोद्धार किया गया। बाउंड्री वाल ईंट, सीमेंट, रेती से स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान के माध्यम से 50 फ़ीट लंबी और 5 फ़ीट चौड़ी निर्माण किया गया। हाई स्कूल परिसर में पानी की बर्बादी रोकने व बून्द बून्द जल का संरक्षण के लिए पक्के सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया। जिसकी औसत साइज 3 फ़ीट लंबाई, 3 फ़ीट चौड़ाई एवं 3 फ़ीट गहराई का बनाया गया। इसी क्रम में धामभाठा सोननाला में अस्थायी डैम का निर्माण रेती, पत्थर और मिट्टी से भरे हुए बोरी से कराया गया ताकि आसपास के लोगों के नहाने, घरेलू कार्य एवं सब्जी बाड़ी, खेती के काम आ सके। जुनापारा तालाब के पचरी का साफसफाई एवं रखरखाव किया गया। स्कूल परिसर के फुलवारी के रेख का सुधार, ग्राम फत्तेगंज के सातों मुहल्ले एवं पारा टेन्पाभांठा, चोहराभांठा, धामभांठा, अमलीभांठा, जुनापारा, चांदनीभांठा ,सरईभांठा में प्रभात फेरी, रैली, श्रमदान एवं जागरूकता गतिविधयों से स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफसफाई की गई। जुनापारा मोहल्ले में गली में भरे हुए पानी को खाली करते हुए पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया गया।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन करेगा खिलाड़ियों का चयन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 18 दिसंबर से मेन्स सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (केडीसीए) द्वारा जिले की टीम का चयन किया जाना है। इस हेतु आवश्यक रूप से पूर्व चयन प्रक्रिया से चयनित 30 खिलाड़ियों को 15 और 16 दिसंबर को अंतिम चयन प्रक्रिया के लिए उपस्थित होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप मैदान में सुबह 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें पूर्व चयनित समस्त खिलाड़ियों का आना अनिवार्य है। जो भी खिलाड़ी चयन प्रक्रिया में उपस्थित नहीं होते हैं वे चयनित नहीं होंगे। साथ ही वे खिलाड़ी जो जिले के अलावा अन्य जिलों के खिलाड़ी हैं, वे अपना ऑनलाइन (एनओसी) अनापत्ति प्रमाणपत्र आवश्यक रूप से जमा करें, अन्यथा वे चयन प्रक्रिया में शामिल होने के पात्र नहीं होंगे। यह जानकारी केडीसीए प्रबंधन ने दी।






15 korbaBhoomi-pg 4_Layout 1 12/16/2023 12:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सी-केयर्स पोर्टल से कोल कर्मी कर सकेंगे आनलाइन क्लेम

**कोरबा।** नए वर्ष से कोयला भविष्य निधि में आनलाइन क्लेम सेटलमेंट होगा। आनलाइन क्लेम से सीएमपीएफ कार्यालय का चक्कर लगाने से कोयला कर्मियों को मुक्ति मिल जाएगी। सी-केयर्स पोर्टल में कोयला कर्मियों से संबंधित आंकड़े एवं लेजर एंट्री का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। पिछले सप्ताह कोयला सचिव ने सीएमपीएफ कमिश्नर के साथ समीक्षा बैठक में एक जनवरी से आनलाइन क्लेम सेटलमेंट शुरू करने को कहा है। आनलाइन क्लेम सेटलमेंट के लिए सी-केयर्स पोर्टल तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल के माध्यम से ही सेवानिवृत्ति के बाद पीएफ राशि निकासी के लिए क्लेम किया जाएगा। उक्त पोर्टल पर ही कोलियरी, एरिया से लेकर कोयला भवन तक क्लेम को फाइनल कर आनलाइन फाइल सीएमपीएफ को भेजी जाएगी। इसके बाद सीएमपीएफ की ओर से क्लेम सेटलमेंट कर पीएफ की राशि आनलाइन बैंक खाते में भेज दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने 7.6 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दी है। कोयला खान भविष्य निधि (सीएमपीएफ) ने वित्तीय वर्ष-2022-23 के लिए विगत व सितंबर माह में बोर्ड बैठक में 7.6 प्रतिशत ब्याज दर का निर्णय लिया स था। बोर्ड के उक्त प्रस्ताव को वित्त नि मंत्रालय ने स्वीकृति दे दी है।

### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 22 वक़्त प्रांतीय पेंशनर दिवस सह सम्मान 17 दिसंबर को भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर मे मोहन मंडावी सांसद कांकेर के मुख्य आतिथ्य में मनाया जा रहा है। कोरबा जिला के लगभग 30 पेंशनर साथी सम्मलित हो रहे हैं। जिला शाखा कोरबा की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी गई तथा उनसे पेंशनरों को शीघ्र ही 4 प्रतिशत मंहगाई राहत देने का आग्रह किया गया। बैठक मे आर के शर्मा अध्यक्ष, प्यारेलाल चौधरी, नन्द राम बाविस्टाले, गोपाल प्रजापति, जे पी श्रीवास्तव, एस एस तोमर, सी पी एस चंदेल, पी एल चौहान, डी आर निर्मलकर उपस्थित रहे।

### ग्राम फत्तेगंज में सात दिवसीय विशेष शिविर




**कोरबा।** पीजी कॉलेज की द्वारा प्राचार्य डॉ. साधना खरे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में ग्राम फत्तेगंज में सात दिवसीय विशेष शिविर 7 से 13 दिसंबर के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान करते हुए विभिन्न अधोसंरचना का निर्माण, जल संरक्षण पर सोख्ता गड्ढा का निर्माण, नाले पर अस्थायी डैम का निर्माण, स्कूल बाउंड्री का पुनर्निमाण, रखरखाव, साफ-सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल और मधु कंवर के पथ प्रदर्शन एवं निर्देशन में शासकीय हाईस्कूल जूनापारा परिसर फत्तेगंज के बाउंड्री का पुनर्निमाण एवं पुनरोद्धार किया गया। बाउंड्री वाल ईंट, सीमेंट, रेती से स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान के माध्यम से 50 फ़ीट लंबी और 5 फ़ीट चौड़ी निर्माण किया गया। हाई स्कूल परिसर में पानी की बर्बादी रोकने व जल का संरक्षण के लिए पक्के सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया। जिसकी औसत साइज 3 फ़ीट लंबाई, 3 फ़ीट चौड़ाई एवं 3 फ़ीट गहराई का बनाया गया। इसी क्रम में धामभाठा सोननाला में अस्थायी डैम का निर्माण रेती, पत्थर और मिट्टी से भरे हुए बोरी से कराया गया ताकि आसपास के लोगों के नहाने, घरेलू कार्य एवं सब्जी बाड़ी, खेती के काम आ सके। जुनापारा तालाब के पचरी का साफ-सफाई एवं रख-रखाव किया गया।

### एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा** एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत परियोजना प्रभावित ग्राम सुवाभोंडी में पौष्टिक आहार किट का वितरण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चैनपुर के अंतर्गत आने वाले गांव चैनपुर एवं सुवाभोंडी के आंगनवाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मे दर्ज गर्भवती व शिशुवती माताओं और बच्चों सहित कुल 212 लाभार्थियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया। पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम के साथ आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे ग्राम पंचायत चैनपुर के लगभग 200 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच दीपका क्षेत्र के डॉक्टरों द्वारा किया गया जिसमे अधिकतर सर्दी, खांसी एवं बुखार के मरीज थे जिनको जांच उपरांत निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गयी एवं बच्चों के पोषण से संबंधित दवाइयाँ व जानकारी साझा की गयी।

## एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों का मामला

# रोजगार की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर जड़ा ताला, किया धरना- प्रदर्शन




सीजीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।



मौके पर तैनात सीआईएसएफ व पुलिस के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों ने तीन माह के बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर पहले चरण के तहत दीपका कार्यालय में ताला बंदीकर धरना प्रदर्शन किया। सुबह से ही अक्रोशित भूविस्थापित जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करने लगे। जिसकी वजह से अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके और घंटों तक कामकाज प्रभावित रहा। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में सीआईएसएफ और पुलिस के जवान तैनात रहे। आखिरकार सात सदस्यीय अधिकारियों की टीम को बिलासपुर रवाना किया गया। जिनके द्वारा लंबित रोजगार प्रकरणों के निपटारे का प्रयास किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दीपका प्रभावित भूविस्थापितों द्वारा लंबित रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। भूविस्थापितों ने मांगों को पूरा करने प्रबंधन को 90 दिन का अल्टीमेटम दिया था। साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर को तालाबंदी व 25 को खदानबंदी आंदोलन की चेतावनी दी थी। भूविस्थापितों के चेतावनी के बाद भी प्रबंधन ने मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया। जिससे आक्रोशित भूविस्थापितों ने समय सीमा पूरा होने पर दीपका जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया और धरना प्रदर्शन करने लगे।भूविस्थापित सुबह 8 बजे ही मुख्य द्वार पर एकत्र हो गए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करने लगे। आंदोलन को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में सीआईएसएफ व पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन की वजह से अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके। जिसकी वजह से कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन की वजह से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई। लगभग 7 घंटे तक भूविस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। उल्लेखनीय है कि भूविस्थापित वर्ष 1986 के लंबित रोजगार के प्रकरण को लेकर पिछले 11 सितंबर से शांतिपूर्वक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। रोजगार के मसले को लेकर एसईसीएल दीपका प्रबंधन रुचि नहीं ले रही है। यही वजह है कि भूविस्थापितों ने समय सीमा पूरी होने पर कार्यालय में तालाबंदी का ऐलान किया था। भूविस्थापितों का आरोप है कि लंबित रोजगार के प्रकरण के कार्य पूरा हो चुका है। अब प्रबंधन द्वारा जॉइनिंग लेटर इशू करना चाहिए। धना प्रदर्शन के दौरान प्रबंधन के अधिकारी के द्वारा आक्रोशित भूविस्थापितों को समझाइस का प्रयास किया गया। बावजूद इसके भूविस्थापित ग्रामीण अपने लंबित रोजगार के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन पर अड़े रहे। प्रभावित ग्रामीणों ने मुख्य द्वार को जाम कर कर दिया था जिसकी वजह से ऑफिस के कामकाज के लिए आए अधिकारी मुख्यद्वार के जाम में फंसे रहे।

**खास बात**
- मांगें पूरी नहीं होने पर तालाबंदी व कामबंद हड़ताल की दी है चेतावनी

**सात अधिकारी मुख्यालय रवाना**

भूविस्थापितों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए दीपका के 7 अधिकारी सीटर जनरल बिलासपुर के अधिकारी से रोजगार के मसले को लेकर एसईसीएल बिलासपुर मुख्यालय रवाना हुए हैं। बताया गया है कि पुराने लंबित रोजगार की अनुशंसा व रास्ता निकालकर रोजगार देने की बात दीपका प्रबंधन के अधिकारी द्वारा कही गई है साथ ही बिलासपुर से वापसी के बाद भूविस्थापितों के साथ बैठक कर जानकारी दिया जाएगा। यह जानकारी दीपका के डिप्टी जीएम व नोडल अधिकारी ने आंदोलनरत भूविस्थापितों को कही है।

# दैहिक शोषण के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया गया था। जब युवती गर्भवती हो गई तो युवक शादी से मुकर गया था। युवती के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे धारा 376 (2)(एन) के तहत 10 वर्ष शासन कारावास की सजा सुनाई गई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। यहां निवासरत ओमप्रकाश दिवाकर ने वर्ष 2022 में युवती को शादी करने का वादा कर उसके साथ दैहिक शोषण की घटना को अंजाम दिया था। जिससे युवती गर्भवती हो गई थी। जब पीड़िता के माता-पिता को इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने अपने स्तर पर एक सामाजिक बैठक भी बुलाई थी। जहां युवक के परिजनों ने युवती को रखने से मना कर दिया था जिसके उपरांत युवती के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। जहां पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश दिवाकर के खिलाफ धारा 376 (2)(एन) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया था। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी कोरबा श्रीमती ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में चल रहा थी। जिसमें अभियोजन ने साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर मामलों को प्रमाणित किया और माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध पाते हुए उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार मौर्य के द्वारा पैरवी की गई है।

# घर के बाहर खेल रहे डेढ़ वर्ष के मासूम को कार ने रौंदा



घटना स्थल पर जुटी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक गौरांश।

एक डेढ़ वर्षीय मासूम अपने घर के बाहर स्थित सड़क पर खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बालक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया लेकिन दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने चक्काजाम कर दिया। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद प्रशासन की समझाइश पर लगभग 2 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

मामला हरदीबाजार चौकी क्षेत्र के ग्राम बोईदा की है। यहां निवासरत विनोद पटेल का डेढ़ वर्षीय इकलौता पुत्र गौरांश पटेल देर शाम लगभग 4 बजे अपने घर के बाहर स्थित सड़क पर ही खेल रहा था। इसी दौरान हरदीबाजार की ओर से सीपत की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 12 बीएल 5486 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर मौजूद गौरांश को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार का चालक सीधे सीपत थाने पहुंचा और जाकर सीपत थाने में खड़ा कर दिया और दुर्घटना की जानकारी दी।

# 6 साल के मासूम का अपहरण, महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा क्षेत्र में भिक्षाटन करने वाले परिवार के एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे को उसके पूर्व परिचित महिला अपने साथ उठाकर ले गई थी। परिजनों को जब इसके बारे में पता चला तो इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। 5 दिन बाद महिला के कब्जे से मासूम बच्चे को पुलिस ने बरामद कर लिया है जहां उसके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का है। कुसमुंडा में ही रामप्रसाद यादव का परिवार निवास करता है। जहां उसका परिवार भिक्षाटन कर अपना जीविकोपार्जन करता है। पुलिस के मुताबिक 10 दिसंबर को रामप्रसाद के 6 वर्षीय पुत्र खेलने निकला था जहां वह अचानक लापता हो गया था। आसपास खोजबीन करने के बाद भी उसका जब कुछ पता नहीं चला तो अगले दिन राम प्रसाद ने इस मामले शिकायत पुलिस से की थी। जहां पुलिस ने मामले में गुम इंसान का मामला दर्ज कर लापता बच्चों की खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच शुक्रवार को कुसमुंडा पुलिस ने कोरबा रेलवे स्टेशन से कमला नामक महिला के कब्जे से मासूम को बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कमला बिलासपुर सरकंडा निवासी है जो रामप्रसाद की पूर्व परिचित है। बताया जाता है कि कमला के बच्चे की मौत हो गई थी जिसके चलते वह राम प्रसाद के पुत्र को अपने साथ रखना चाहती थी। कमला भी क्षेत्र में भिक्षाटन कर अपना जीविकोपार्जन करती है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कमला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**
- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला

### कार्यकारिणी विस्तार पर होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईकेएमसी गेवरा एरिया की बैठक रविवार को गेवरा कार्यालय में आयोजित की गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सदस्यता अभियान के लिए भी रणनीति तैयार होगा। अध्यक्ष गोपाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले दिनों में एसईकेएमसी की ताकत और बढ़ानी होगी। लगातार दो वर्षों में संगठन गेवरा एरिया में ताकतवर हुआ है। इसके लिए सक्रिय कार्यकर्ता डी.के.मिश्रा, विकास शुक्ला, धरम सिंह कंवर, हरनाम सिंह, सूर्यकांत पाटले, सीताराम साहू को जाता है।

# दो अलग-अलग स्थानों में चोरों ने बोला धावा, जेवरात की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अमरैय्यापारा निवासी बृजबिहारी सिंह के मकान में रेलवे में सहायक पायलट के पद पर पदस्थ रामानंद चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 15 नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे सोने का टॉप, चांदी का पायल, मंगलसूत्र नगद रकम सहित कुल 90 हजार रुपए के माल की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना मोरगा थाना क्षेत्र में घटित हुआ है। मोरगा क्षेत्र में चोरों ने तीन जगह पर धावा बोला, जिसमें मोरगा स्थित वन विभाग का रेस्ट हाऊस, पास स्थित केंदई के रेंजर के ऑफिस व मोरगा के एक ग्रामीण के घर शामिल है। चोर गिरोह ने कटर का उपयोग करके वहां लगे दरवाजों के कुंडी को काटा। जिले में पहली बार कटर का उपयोग करके दरवाजे के कुंडी को काटा गया है। हालांकि न तो रेस्ट हाऊस व रेंजर ऑफिस और न ही ग्रामीण के घर में चोरों के हाथ नगदी रकम व कीमती सामान लगी। ऐसे में चोरों को ही बैरंग लौटना पड़ा लेकिन कटर से बेधड़क दरवाजे की कुंडी काटकर चोरी को देखते हुए क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत फैल गयी हैं। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी शुरु कर दी है।

**खास बात**
- मानिकपुर चौकी व मोरगा थाना का मामला

# घर के बाहर खड़ी कार को किया आग के हवाले, मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गजरा साइड निवासी सावन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके जीजा महेश कुमार बरेठ अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एएफ 0110 को सावन कुमार के घर के सामने रोड किनारे खड़ा किया था। इस दौरान रात्रि लगभग 12.15 बजे उसकी कार में आग लगाकर दो युवक मोटर सायकल से भाग रहे थे। जिसका स्थानीय लोगों ने पीछा किया और उन दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पकड़े गए युवकों में बांकीमोंगरा निवासी आलोक सिंह कुशवाहा 22 साल पिता चंद्रभान सिंह तथा हर्षित झा बताया गया है। दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 435, 34 के तहत आगजनी किया है। इस आगजनी से गाड़ी मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।

## एनटीपीसी में कैमिकल डिजास्टर के संबंध में मॉक ड्रिल का होगा आयोजन

# एनडीआरएफ ने जिपं में किया टेबल टॉप मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

जिला पंचायत सभाकक्ष में एनडीआरएफ कटक (उड़ीसा) के अधिकारी/जवानों द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से संबंधित टेबल टाप एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग एवं जिला सेनानी पीबी सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

टेबल टाप मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से बचाव कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीई) का प्रदर्शन किया। व्याख्यान कार्यक्रम में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र एसईसीएल कुसमुडा, बालको पावर प्लांट, नगर सेना, लैंको पावर प्लांट, सीएसईबी पूर्व एवं पश्चिम तथा के टीएस पावर प्लांट की रेस्क्यू टीम तथा नगर पंचायत कटघोरा एवं नगर पंचायत दीपका के सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे। इसी कड़ी में 16 दिसंबर को एनटीपीसी जमनीपाली कोरबा में केमिकल डिजास्टर से संबंधित माक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

